सेवा में,

दि० 16.9.18

श्री मान सम्पादक महोदय

....

महोदय,

अवगत कराना है कि आज दि० 16.09.18 दिन रविवार को सैंट जांस स्कूल मेरठ में अटल बिहारी वाजपेयी सम्मान 2018 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेरठ कैंट विधायक श्री सत्यप्रकाश अग्रवाल जी एवं अवन्तिका डायरेक्टर श्री आनन्द अग्रवाल जी ने कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन द्वारा किया। सैंट जांस की प्राचार्या श्रीमति चन्द्रलेखा जैन ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। अवन्तिका प्रेसीडेन्ट (उ०प्र०) मेजर आर० एस तोमर ने अतिथियों का परिचय कराया तथा अवन्तिका ग्रुप अस के बारे में परिचय कराया।

अवन्तिका नेशनल डायरेक्टर श्री आनन्द अग्रवाल जी ने अपने उद्बोधन में 'अवन्तिका ग्रुप आफ कन्टम्प्रेरी आर्टिस्ट एवं इंटेलेक्चु के इतिहास के बारे में बताया कि किस प्रकार यह समाजसेवा के लि समर्पित एक छोटा सा पौधा आज एक विशाल वट वृक्ष बन गया है तथा शैक्षणिक गतिविधियों में विशिष्ट कार्य करने वाले छात्र- एवं प्राचार्यों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए स को प्रेरित कर रहा है।

डा० अग्रवाल ने बताया है देश के विभिन्न कोनों में प्रतिवा विभिन्न प्रतियोगितायें एवं सामाजिक मुद्दों को जागरुक करने उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसी क्रम इस वर्ष शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में 'अवन्तिका अटल बिहारी वाजपेयी सम्मान 2018-19' का आयोजन मेरठ में किया गया है जिसका प्रमुख उद्देश्य शिक्षकों को समाज में सम्मान दिलाना तथा उनका उत्साह वर्धन करना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैंट विधायक श्री सत्यप्रकाश अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज मेरठ के लिए गर्व की बात है कि राष्ट्रीय स्तर की एक संस्था मेरठ में आकर शिक्षकों को सम्मानित कर रही है तथा मेरठ का मान बढ़ा रही है। उन्होंने सम्मानित होने वाले आचार्यों एवं छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं सेंट जोंस प्रधानाचार्या ने मेरठ क्षेत्र के लगभग 50 प्रधानाचार्यों को शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जिनमें डा० रितु दिवान (प्रधानाचार्या डी० एम० ए०), श्री मति ममता तोमर (एस० आर० वी०), डा० डा० मनोज गर्ग (दीवान बी० एस० ग्रुप), डा० कपिल गर्ग (एम० ए० एल०) श्री मनोज कुमार (श्रद्धा आई० टी०), अनुपमा सक्सैना (गार्गी गर्ल्स स्कूल), श्री मति चन्द्रलेखा जैन (सेंट जोन्स स्कूल), डा० सुधा शर्मा आदि प्रमुख थे।

अवन्तिका ग्रुप द्वारा निबन्ध एवं लेखन प्रतियोगिता के विजयी छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया जिसमें गार्गी गर्ल्स स्कूल के लगभग 40 छात्र छात्रायें सम्मिलित थे।

कार्यक्रम के अंत में सेंट जोंस प्रधानाचार्या श्री मति चन्द्रलेखा जैन ने समस्त अतिथियों एवं आगन्तुकों का ~~सभ~~ धन्यवाद किया एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अवन्तिका श्री संजय अग्रवाल, मेजर आर० एस० तोमर, श्री मनोज कुमार एवं सेंट जोन्स से श्री रोजिल, अनिल, रॉबिन एवं मित्र सपना का विशेष सहयोग रहा।

(श्री मति चन्द्रलेखा जैन)
प्रधानाचार्या
सेंट जोन्स सी० सैकेंड्री स्कूल
मेरठ